हरेला

उत्तराखण्ड के लोकपर्व 'हरेला' के पावन अवसर पर पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के हल्द्वानी स्थित मुख्यालय में वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में दिनाँक 16 जुलाई 2022 को प्रातः वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न औषधीय एवं उपयोगी पौध प्रजातियां जैसे नीम , आंवला, बहेरा, हरड़, पारिजात, जामुन , हल्दू, क़्वाराल इत्यादि के 25 पौधों का पौधारोपण किया गया। इस उपलक्ष्य पर विद्या शाखा निदेशक एवं कुलसचिव प्रोफेसर पी . डी. पंत, वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग से डा . एच .सी . जोशी, डा . बीना तिवारी फुलारा, डा . कृष्ण कुमार टम्टा, वनस्पति विज्ञान विभाग के डा. एस.एन. ओझा, डा. पुष्पेश जोशी, श्री भरत नैनवाल, श्री गोविंद सिंह, श्री विभु कांडपाल, श्री हरीश गोयल तथा अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।